भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 544

जिसका उत्तर 02.04.2026 को दिया जाना है

झुंझुनू से फतेहपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-11 को चौड़ा करना

*544.श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-11 के झुंझुनू से फतेहपुर तक के मौजूदा दो-लेन वाले खंड को चार-लेन वाली सड़क में परिवर्तित करने का है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या उक्त खंड को चार-लेन का बनाने के लिए कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है और यदि हाँ, तो निर्माण कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है; और

(ग) इस संबंध में किए जा रहे प्रयासों सहित सरकार द्वारा प्रस्तावित कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"झुंझुनू से फतेहपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-11 को चौड़ा करना" के संबंध में श्री बृजेन्द्र सिंह ओला द्वारा पूछे गए दिनांक 02.04.2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *544 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग) एनएच-11 के झुंझुनू से फतेहपुर तक चार लेन में विकास के लिए, जनवरी, 2026 में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। डीपीआर के परिणाम के आधार पर इस खंड का चार लेन में उन्नयन करने पर विचार किया जाएगा, जो यातायात आवश्यकताओं और पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ तालमेल पर निर्भर होगा।

*****